
{ उद्घाटन सत्र दिन1}

'पराग'
हिंदी साहित्यिक संस्था
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय

दिनांक- 14 सितंबर 2024





विषय- हिंदी महोत्सव शुभारंभ सत्र (राजभाषा हिंदी: चुनौतियां और संभावनाएं)।

दिनांक 14 सितंबर 2024 को 10:30-1:00 बजे 'पराग' हिंदी साहित्यिक संस्था द्वारा जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में हिंदी महोत्सव शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना से हुआ।कार्यक्रम के आमंत्रित वक्ताओं प्रो• हेमंत कुकरेती और डॉ• हरीश जैन का पालंटर से स्वागत किया गया।कार्यक्रम का आरम्भ प्रो• हेमंत कुकरेती ने हिंदी की स्थिति में किस प्रकार से परिवर्तन आया उसे पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हिंदी भाषा शास्त्र थी क्योंकि आजादी की लड़ाई क्रांतिकारियों ने हिंदी में ही लड़ी।गांधी जी ने हिंदी को हिंदुस्तानी भाषा कहा था।भारत में बहुत भाषाएं हैं और वह संपन्न है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी जन भाषा होने के बाद भी राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई जिसकी हिंदी भाषा हकदार थी।70-80 के दशक में जिन्होंने हिंदी भाषा का विरोध किया आज वह भी अपने बच्चों को हिंदी पढ़ा व सीखा रहे हैं। पहले लोग किस प्रकार से हिंदी को हीनता मानते थे परंतु अब स्थिति बदल रही है। खाड़ी के देशों में हिंदी अनिवार्य हो गई है यह हमारे लिए गर्व की बात है। वर्तमान में हिंदी अखबार सातवें स्थान पर है। हिंदी आत्मा की भाषा है मां की भाषा है जिसे हमें आगे बढ़ाना है।कार्यक्रम के दूसरे वक्ता डॉ• हरीश जैन ने कहा कि  हीनग्रंथ हिंदी वाले चले गए, अब हिंदी युवा का गर्व है और युवा हिंदी का। हमें हिंदी भाषा के प्रति जिज्ञासु होने की आवश्यकता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कई चुनौतियां थीं उनमें से एक सबसे बड़ी चुनौतियां भाषा की थी। हिंदी को राज्य भाषा के रूप में स्थान मिला और अंग्रेजी को

सह-राजभाषा का दर्जा 15 साल के लिए मिला था। धीरे धीरे हिंदी में परिवर्तन आया। वर्तमान में अब सिविल सेवा और इंजीनियरिंग वह अन्य विषयों में हिंदी की पुस्तक के उपलब्ध है विज्ञापन और इंटरनेट पर हिंदी के टूल्स उपलब्ध है अब व्यापार व कंपनियां हिंदी में काम कर रही है। इसके साथ-साथ डॉ• हरीश जैन ने विद्यार्थियों को हिंदी के प्रति जागरूक किया और हिंदी में रोजगार के माध्यम बताया। अंत में उप-प्राचार्य प्रो• संध्या गर्ग  ने हिंदी दिवस पर चर्चा की और वक्ताओं का, शिक्षक व गैर शिक्षक और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।यह कार्यक्रम पराग की संयोजक डॉ• पूनम यादव सहसंयोजक डॉ• अनिल कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






{दिन 2}

'पराग'
हिंदी साहित्यिक संस्था
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
दिनांक : 17 सितंबर 2024




विषय :  समाज के नवनिर्माण में साहित्य की भूमिका।
दिनांक17 सितंबर 2024, को जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के कमरा नंबर 17 में 12:00-1:00 बजे 'पराग ' हिंदी साहित्यिक संस्था द्वारा हिंदी महोत्सव के उपलक्ष में अंतर्महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे। इस प्रतियोगिता में कुल 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति जागरूकता व उनके लेखन कौशल को बढ़ाना था। इस  प्रतियोगिता की निरीक्षक डॉ पूनम यादव और डॉ विवेक शर्मा रहे। निबंध प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार के विजेता 'साक्षी मौर्य' (हिंदु महाविद्यालय), द्वितीय पुरस्कार के विजेता 'आरुषी ठाकुर' (जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय), व तृतीय पुरस्कार की विजेता 'अंकित कुमार' (आर्यभट्ट महाविद्यालय) से रहें।अतः यह प्रतियोगिता संयोजन डॉ पूनम यादव सहसंयोजक डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।











---

{दिन 3}

'पराग'
हिंदी साहित्यिक संस्था
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
दिनांक : 18 सितंबर 2024




विषय : सद्य: लेखन प्रतियोगिता।

दिनांक18 सितंबर 2024, को जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के कमरा नंबर 12 में 12:00-1:00 बजे 'पराग ' हिंदी साहित्यिक संस्था द्वारा हिंदी महोत्सव के उपलक्ष में अंतर्महाविद्यालय सद्य: लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे। इस प्रतियोगिता में कुल 41 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सद्य: लेखन प्रतियोगिता में विषय विद्यार्थियों को उसी समय दिया गया था और प्रत्येक विधार्थियों का विषय भिन्न था।सद्य: लेखन प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार के विजेता 'साक्षी मौर्य'(हिंदू महाविद्यालय),द्वितीय पुरस्कार के विजेता 'शिवम मिश्रा' (हिन्दू महाविद्यालय),तृतीय पुरस्कार के विजेता 'अंशु कुमारी'(जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय) से रहीं।इस प्रतियोगिता की निरीक्षक डॉ पूनम यादव रहीं।अतः यह प्रतियोगिता संयोजन डॉ पूनम यादव सहसंयोजक डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ








---

{दिन 4}

'पराग'
हिंदी साहित्यिक संस्था
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
दिनांक : 19 सितंबर 2024




विषय : स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता।

दिनांक19सितंबर 2024, को जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के कमरा नंबर 12 में 12:00-1:00 बजे 'पराग ' हिंदी साहित्यिक संस्था द्वारा हिंदी महोत्सव के उपलक्ष में अंतर्महाविद्यालय स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे। इस प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुकूल विषयों पर कविताएं लिखी। इस प्रतियोगिता की निरीक्षक प्रो• सुधा उपाध्याय,डॉ पूनम यादव रहीं। स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार के विजेता 'अर्चना'(जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय),द्वितीय पुरस्कार के विजेता 'आकांक्षा' (जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय),तृतीय पुरस्कार के विजेता 'सोनाली कुमारी'(गार्गी महाविद्यालय) से रहीं।अतः यह प्रतियोगिता संयोजन डॉ पूनम यादव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।









{दिन 5}

'पराग'
हिंदी साहित्यिक संस्था
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
दिनांक : 20 सितंबर 2024





विषय: अंतर्महाविद्यालय कहानी लेखन प्रतियोगिता।
दिनांक 20 सितंबर 2024, को जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के 'पराग ' हिंदी साहित्यिक संस्था द्वारा हिंदी महोत्सव के उपलक्ष में अंतर्महाविद्यालय कहानी लेखन प्रतियोगिता किया गया। विद्यार्थियों को पोस्टर द्वारा सूचना दे दी गई कि वह अपनी कहानी ऑनलाइन भेजें।इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के छात्र-छात्राएं भाग लिया। कहानी प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी लिखी हुई कहानी ईमेल द्वारा भेजा।विद्याथियों ने लेखन कला का अद्भुत नमूना पेश किया। कहानी लेखन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार के विजेता 'अखलाक अहमद' (ज़ाकिर हुसैन महाविद्यालय), द्वितीय पुरस्कार के विजेता 'सौरभ शर्मा' (मोतीलाल नेहरु महाविद्यालय), व तृतीय पुरस्कार की विजेता 'राजनंदिनी' (जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय) से रहीं।अतः यह प्रतियोगिता संयोजन डॉ पूनम यादव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

---

{समापन सत्र दिन 6}

'पराग'
हिंदी साहित्यिक संस्था
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
दिनांक : 23 सितंबर 2024




विषय: बदलता परिदृश्य: बदलती हिंदी (हिंदी दिवस समापन समारोह व पुरस्कार वितरण)।
दिनांक 23 सितंबर 2024 को जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में 12:00- 1:00 बजे पराग' हिंदी साहित्यिक संस्था द्वारा हिंदी महोत्सव समापन सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजबीर सिंह जो हिंदी अधिकारी एवं सचिव नराकास दिल्ली मध्य में कार्यरत हैं। उन्होंने नराकास, मातृभाषा, राजभाषा का संक्षिप्त परिचय दिया और अपने व्याख्यान को विस्तार देते हुए आगे बढ़ाया।हिंदी सप्ताह के अंतर्गत पराग हिंदी साहित्यिक संस्था ने कई साहित्यिक परतियोगिता का अयोजन किया।जिनमे निबंध लेखन प्रतियोगिता, सद्य: लेखन प्रतियोगिता, स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता, व कहानी लेखन प्रतियोगिता हुई। समापन समारोह में इन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत इन प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के लेखन कला को बढ़ाना व उनको प्रोत्साहित करना है। यह समापन समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।







राजभाषा कार्यान्वयन समिति
एवं
पराग-हिंदी साहित्यिक संस्था
संयुक्त तत्वावधान में
हिंदी सप्ताह
समापन सत्र
23 सितम्बर, 2024
श्री राजबीर सिंह
समय
GPS Map Camera
Delhi, Delhi, India
MAIN CAMPUS, JANKI DEVI MEMORIAL COLLEGE, J.D.M.C Rd, Old Rajinder Nagar, Rajinder Nagar, Delhi, 110001, India
Lat 28.642016°
Long 77.191748°
23/09/24 01:31 PM GMT +05:30
Google


राजभाषा कार्यान्वयन समिति
एवं
पराग-हिंदी साहित्यिक संस्था
के संयुक्त तत्वावधान में
सप्ताह
GPS Map Camera
Delhi, Delhi, India
MAIN CAMPUS, JANKI DEVI MEMORIAL COLLEGE, J.D.M.C Rd, Old Rajinder Nagar, Rajinder Nagar, Delhi, 110001, India
Lat 28.642016°
Long 77.191748°
23/09/24 01:29 PM GMT +05:30
Google

---